



# कश्यप जयंती पर होने वाले जिला सम्मेलन को लेकर बैठक में बनी रणनीति

## कश्यप जयंती पर होगा जिला सम्मेलन, तैयारी बैठक में सभी ने दिए अपने-अपने सुझाव और रखे विचार

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 28 अगस्त, आगामी 31 अगस्त को कश्यप जयंती के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय केशरवानी समाज द्वारा मऊगंज जिले का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया है.**



जिसको भव्य दिव्य व ऐतिहासिक बनाने की दृष्टि से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के के गुप्ता द्वारा स्वयं समूचे रीवा एवं मऊगंज जिले का दौरा करते हुए खटखरी नईगढ़ी के बाद हनुमना में केशरवानी समाज के प्रमुख लोगों की बैठक नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता के आवास पर ली. बैठक में उपस्थित लोगों ने जहां कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया वही वर्तमान में मध्य प्रदेश में चल रहे समाज के तीन तीन संगठनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि भले ही हमारे उद्देश्य एक ही है समाज का उत्थान लेकिन हमारी शक्ति का विभाजन नहीं होना चाहिए और इसके लिए शीर्षस्थ नेतृत्व को आगे आकर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार तथा अखिल भारतीय केसरवानी समाज के प्रदेश महामंत्री संपति दासगुप्त ने कहा कि रीवा जिले में ही दो दो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष महामंत्री, विचार करने की आवश्यकता है यहां तो कार्यक्रम भी आयोजित था यह तो संयोग था की जिला अध्यक्ष ज्योति गुप्ता के पुत्री का विवाह समारोह होने के कारण कार्यक्रम को पोस्टपोन कर दिया गया.

कुल मिलाकर हमें सारे मतभेदों को मिलाकर सामाजोत्थान ही एक लक्ष्य बनाकर कदम से कदम मिलाकर चलने की आवश्यकता है. नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता ने कहा कि हमारे समाज को राजनीतिक क्षितिज पर हेय दृष्टि से देखा जाता है मुझे नगर के लोगों ने प्रथम नागरिक की जिम्मेदारी सौंपी है मैंने अपने नगर के विकास के लिए जितना हो सका अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ी.

नगर के फोर लेन की बात करते हुए कहा कि मैं स्वयं कलेक्टर के सामने यह बात रखी की नगर का विकास क्या लोगों के मकान तोड़ने से उनकी रोजी-रोटी छीनने से होगा. श्रीमती शैलजा गुप्ता, दीनानाथ गुप्ता, मुन्नालाल गुप्ता, सीताराम केशरवानी, कृष्ण चन्द्र गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, रमेश जायसवाल, रामकृष्ण गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, प्रीति गुप्ता, जयकुमार गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, लवकुश गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, श्यामबाबू गुप्ता आदि मौजूद रहे.

# खनिज एवं आबकारी विभाग के लोग इस अंचल में रहते हैं लापता

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 28 अगस्त, त्योंथर अंचल में अवैध मादक पदार्थों का कारोबार और खनिज संपदा की अवैध निकासी जोरों से चल रहा है, लेकिन इसको रोकने के लिए न तो आबकारी विभाग का कोई हमला यहां दिखता और न ही खनिज विभाग का.**

आबकारी विभाग के लोग इस अंचल में कहां कार्य कर रहे हैं, कहां पर अवैध मादक पदार्थ की शिकायत की जाए इसकी कोई जानकारी सार्वजनिक रूप से नहीं दी जा रही है. इस अंचल में आबकारी विभाग का वृत कार्यालय चाकघाट में बताया जाता है.

वर्षों पहले चाकघाट में यह कार्यालय संचालित था. अब यह कार्यालय कहां पर है इसे कोई नहीं जानता. आबकारी विभाग के एक कर्मचारी ने चर्चा में बताया कि आज भी शासन के रिकॉर्ड में वृत्त कार्यालय चाकघाट को माना जाता है. किंतु इसका कार्यालय इस आंचल में कहीं भी नहीं है. यहां तैनात आबकारी विभाग के लोग मदिरा के ठेकेदारों के इशारे पर काम करते हैं. अवैध शराब, स्मैक, गांजा, कोरेक्स और अन्य प्रकार के मादक पदार्थों को पकडने, उन्हें रोकने का काम उनके द्वारा न के बराबर किया जा रहा है. यही हाल त्योंथर आंचल में खनिज संपदा के दोहन का है. नदी से अवैध बालू कई जगह से निकली जा रही है.

खनिज विभाग के अधिकारी इस मामले में पूरी तरह आंख बन्द किए हुए हुए हैं. इसी अंचल के राजमार्ग से होकर बिना रवन्ना के गिट्टी का अवैध कारोबार जोरो से चल रहा है. ओवरलोड अवैध निकासी के मामले में खनिज विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती. जिससे अवैध गिट्टी की निकासी भारी मात्रा में हो रही है. पत्थर , गिट्टी आदि अवैध रूप से भारी मात्रा खुले आम ट्रैक्टर एवं बड़े वाहनों के माध्यम से जगह-जगह बेचा जाता है. लेकिन खनिज विभाग इस और कभी ध्यान नहीं देता. अवैध नशे का कारोबार हो य खनिज संपदा की अवैधानिक निकासी इन मामलों में तैनात अधिकारी अपने दायित्व के प्रति लापरवाह ही नजर आते हैं.

# सुनील का सड़क दुर्घटना में दु :खद निधन

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 28 अगस्त, हनुमना नगर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी पूर्व पार्षद शारदा रजक का भाई 20 वर्षीय सुनीलरजक उर्फ पोपो पिता जवाहरलाल रजक की हनुमान नगर से 18 किलो मीटर दूर उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के दरमालगंज बड़का मोड़ पर मोटर साइकिल - ट्रक में भिड़ंत से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई.**

वही उसके साथ बाइक सवार दूसरा युवक धब्बे रूप से घायल हो गया जिसको तत्काल वाराणसी रेफर कर दिया गया. हनुमान से मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने एक साथी के साथ दरामलगंज जा रहा था तकरीबन 1 बजे दोपहर दरामल गंज घाटी बड़का मोड़ पर एक ट्रक बिगड़ जाने से सड़क के बीचोबीच खड़ा था सुनील बाइक से सवार होकर अपने साथी के साथ जा रहा था क्योंकि गाड़ी ढलान में मोड़ में थी तभी अचानक ट्रक सामने पर्दे से जाकर मोटर साइकिल सहित वह घुस गया और घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई. पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना,विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य,हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आषुतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष शरद जय गुप्ता पूर्व उपाध्यक्ष मोहन लाल कनेर पूर्व अध्यक्ष क्रमशः श्रीमती शैलजा गुप्ता रमेश जायसवाल पार्षद नवनीत तारकेश्वर गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार संपत्ति दास गुप्ता सरोज गुप्ता श्याम बाबू गुप्ता टिंकल केसरी, समाजसेवी दीनानाथ गुप्ता पूर्व पार्षद सुशील जायसवाल आदि में शोक व्यक्त किया.

# प्रतिभावान सम्मान समारोह मऊगंज में 21 सितंबर को

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 28 अगस्त, अगले महीने होने वाले प्रतिभावान सम्मान समारोह को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है. छात्रों का सम्मान किया जायेगा.**

सामाजिक समरसता कमेटी के आयोजकत्व में गत दिनों मऊगंज विधानसभा क्षेत्र का सम्मान समारोह सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारी अधिकारी सम्मान समारोह व पूर्व जन तकनीकी सम्मान समारोह संपन्न कराए जाने के उपरांत अब आगामी 21 सितंबर 2025 को दोपहर 12:00 से प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है. जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी मऊगंज होंगे. कमेटी संयोजक पूर्व जनपद सदस्य एवं सरपंच इंद्रमणि द्विवेदी ने जानकारी दी. प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में कक्षा 8, 9, 10, 11, 12 कक्षा के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया जाएगा जिनकी उपस्थिति छात्राओं के संस्था प्रमुख सुनिश्चित करेंगे उन्होंने कहा कि समूचे मऊगंज क्षेत्र के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के सभी शासकीय और निजी विद्यालयों के चयनित किया गया है. कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है.

# हितग्राहियों को चाबी देकर कराया गृह प्रवेश

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 28 अगस्त, नगर परिषद गुढ़ जिला रीवा में गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वीएलसी घटक-01 के लाभार्थियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित आयुक्त नगरीय प्रशासन भोपाल के निर्देशानुसार संपन्न हुआ.**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनता पार्टी मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि एडवोकेट अनंत कुमार गुप्ता ने फीता काटकर नवनिर्मित घरों का गृह प्रवेश कराया और घरों की चाभी सौपी लाभार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता देखने को मिली और उन्होंने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया.

इस अवसर पर नगर परिषद के राजेंद्र कुमार मिश्रा, योजना प्रभारी गंगापुरी, राघव बंसल, अशोक खरे, अंबुज पाड़ी मिश्रा, ईजीआईएस के फील्ड इंजीनियर संजीत त्रिपाठी, मुल्तान खान सहित हितग्राही एवं अन्य उपस्थित रहे.



गुढ़ बस स्टैण्ड में घूम रहे आवारा गौवंश

# नगर परिषद गुढ़ के वार्ड-13 में लोगों के घरों में घुसा पानी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 28 अगस्त, गुढ़ नगर पालिका परिषद बार्ड 13 ( गुढ़वा ) निवासी दिनेश कुमार पाठक एवं सुरेश कुमार पाठक द्वारा मुख्य नगर पालिका परिषद अधिकारी के. एन. सिंह को एक लिखित आवेदन देकर बताया कि किस तरह घरो में पानी घुसा.**

विगत दिनों नगर परिषद गुढ़ द्वारा मेन रोड ने.हा. न. 75 से सुनीलदत्त पाण्डेय के घर के लिए आर.सी.सी. रोड का निर्माण कराया गया था. सड़क बनाते वक्त प्रार्थीगण द्वारा कई बार मौखिक रूप से इंजीनियर साहब एवं ठेकेदार को कहा गया कि पानी निकासी के लिए एक पुलिया या ह्यूब पाइप ही डलवा दिया जाय. जिससे बरसात एवं निस्तार के पानी निकासी का साधन बन सके किन्तु सड़क निर्माण के समय नगर परिषद गुढ़ के इंजीनियर व ठेकेदार व किसी कर्मचारी ने ध्यान नहीं दिया सड़क निर्माण के समय पुलिया न बना कर लापरवाही पूर्ण काम किया गया जिससे आज बरसात का पानी प्रार्थीगण दिनेश कुमार पाठक, सुरेश कुमार पाठक, नीतेश प्रसाद पाठक, रमेश प्रसाद पाठक के घर के पास पानी की निकासी नही हो पा रही हैं जिससे प्रार्थीगणो के घर एवं घर के पास बधे माल मवेशी एवं ( पशुओं का भूसा ) आदि सब नष्ट हो चुका है एवं कई तरह की बीमारियां फैलने एवं त्वचा रोग फैल रहा है. पानी भरे रहने के कारण मच्छरो का अम्बार लगा हुआ है. जिससे बीमारी फैल रही है.

# भाजपा मंडल गुढ़ की बैठक आज

गुढ़, 28 अगस्त, भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ विधानसभा क्षेत्र की आवश्यक बैठक 29 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 3 बजे श्री भगवत पैलेस, गुढ़ में आयोजित की जाएगी. बैठक के मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ के प्रभारी एवं नगर परिषद गोविंदगढ़ के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता रहेंगे. बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ अध्यक्ष एड. अनंत कुमार गुप्ता करेंगे. सभी से पहुंचने की अपील की गई है.

# गुढ़ नगर की सड़क सहित बस स्टैण्ड में आवारा मवेशियों का आतंक

नवभारत न्यूज


**गुढ़, 28 अगस्त, आवारा गौवंश को लेकर कलेक्टर द्वारा दिये गये आदेश का पालन गुढ़ नगर पंचायत क्षेत्र में नही हो रहा है.**

आदेशित किया गया था कि राष्ट्रीयराज मार्गो नेशनल हाईवे व नगर के अन्दर सडको पर आवारा रूप से बिचरण कर रहे मवेशी जो आवागमन को बंधित कर हादसों को निमंत्रण दे रहे है उन सभी मवेशियों को सुरक्षित आस पास के सरकारी गौः शालाओं व कांजी हाउस पहुंचा कर सुरक्षित किया जाय जाय. इस आदेश को लेकर गुढ़ नगर पालिका परिषद अधिकारी के.एन. सिंह द्वारा नगर परिषद के एक दर्जन कर्मचारियों की एक टीम बना कर बस स्टैण्ड एवं नगर के अन्दर व बाईपास में अपना अड्डा बना कर मार्ग बंधित कर रहे मवेशियो को गौः शालाओं तक पहुंचाने का आदेश तो जारी किया गया और नगर परिषद के कर्मी मवेशियों को हाकने आए भी लेकिन तीन कर्मचारियों को छोड बाकी कर्मचारियों को मवेशियों को हाकने लज्जा आ गई और तीन कर्मी जब एक सैकडा मवेशियों को हाकने व सुरक्षित स्थान ले जाने में नाकाम दिखे तो वे भी छोड दिए बाद गुढ़ सीएमओं द्वारा यह आदेश जारी किए कि इन सभी मवेशियों की सींग पर रेडियम लगा दिया जाय जिससे हादसे कम होगे लेकिन इन कर्मचारियों ने 10 -12 मवेशियों की सीग पर रेडियम लगा कर फोटो खीच कर अधिकारी महोदय जी को भेज फुर्सत हो गए और गुढ़ का बस स्टैण्ड व सडक इन आवारा मवेशियों का अड्डा बन कर रह गया वही जिला कलेक्टर के आदेश का पालन भी हो गया और सीएमओ साहब के आदेश का पालन इनके कमचारी कर दिए और दुकानदारो यात्रियों व वाहनो की समस्या जस की तस रह गई. आवारा मवेशी खुलेआम घूम रहे है.

# विधायक नागेन्द्र सिंह लेंगे समीक्षा बैठक 3 सितबंर को

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 28 अगस्त, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह 3 सितंबर को सुबह 11 बजे तहसील गुढ़ सर्किट हाउस में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे.**



भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि एड. अनंत कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग गुढ़ डॉ.अनुराग तिवारी, तहसीलदार गुढ़ अरुण कुमार यादव, नायब तहसीलदार गुढ महिमा पाठक,समस्त राजस्व निरीक्षक, सभी हलकों के पटवारी तथा नगर परिषद गुढ़ के राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे. बैठक में विधायक राजस्व की समीक्षा करेगे.

# युवा संगम योजनान्तर्गत रोजगार मेला आज मऊगंज में

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 28 अगस्त, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज में 29 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा. उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में आमधनी धूत ट्रान्समिशन औरांगाबाद, आमधनी प्रा. लि. अपोलो टायर्स गुजरात, प्रभा बायोप्लांटस प्रा. लि. रीवा, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, बजाज अलियाज प्रा. लि. रीवा तथा स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे.

# शराब के नशे में साथी को कुल्हाड़ी मारने वाले को सात साल की कैद

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 28 अगस्त। शराब पीने के दौरान हुए विवाद में युवक को कुल्हाड़ी मारकर जानलेवा हमला करने के आरोपी को जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी ने सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।**

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 23 जून 2019 को लोहदा गांव के निवासी पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि सरकारी देशी शराब की दुकान के सामने उसका बेटा मयंक सिंह और उनके गांव का ही पारस सिंह शराब पी रहे थे। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिसके बाद पारस ने उसके बेटे मयंक से गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से उसकी गर्दन पर प्रहार करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। जिससे मयंक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद पारस ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि इस बार तो बच गए हो, लेकिन दोबारा नहीं बचोगे। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने मयंक को घायल अवस्था में थाने पहुंचाया।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर जिला जज ने आरोपी पारस सिंह को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई एवं साथ ही 25,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई.

# मैहर कलेक्टर से ग्रामीणों ने लगाई न्याय की गुहार

## मुक्ति धाम जाने के रास्ते में अतिक्रमण से निकलना हो गया मुश्किल

नवभारत न्यूज

**मैहर, 28 अगस्त। मैहर जिले के ग्राम उमरी फिफरी तहसील मैहर की आ.क. 704 में मूलराज सिह के द्वारा श्मसान घाट के जाने वाले रास्ते में अतिक्रमण कर कटीली तार की बाड़ी लगाये हुए है जिसके कारण ग्रामीणों को निकलना मुश्किल हो गया है।**

इस अतिक्रमण के बारे में ग्रामीणजन हटाने के लिए कहते है तो मरने की धमकियां देता है और गाली गलौज औरतों से करवाता है। बताया जा रहा है कि पटवारी प्रीति कोल के द्वारा इस रास्ते में लगी कंटीली तार की बाड़ी को हटाने के लिए कह गई थी लेकिन दबंग ने उनकी बातों को भी नहीं माना और अतिक्रमण अभी भी किए हुए है।

परेशान ग्रामीणों के द्वारा इसकी शिकायत मैंहर तहसीलदार और एसडीएम को पूर्व में आवेदन दिया गया था लेकिन अभी तक आरोपी के द्वारा अतिक्रमण को नहीं हटाया गया है न ही ग्रामीण लोगों को अभी तक रास्ता मिल पाया है । ग्रामीण का कहना है कि मूलराज सिह के द्वारा श्मसान घाट जाने वाले रास्तें में कटीली तार की बाड़ी लगा कर अतिक्रमण किया गया है जिस कारण से समस्त ग्रामवासियों को श्मसान घाट में आने जाने में काफी परेशानी होती है।

अभी दो दिन पूर्व नारायण कचेर की मृत्यु हुई थी जिसमें दाह संस्कार करने के लिए जाने आने में काफी परेशानी हुई है। गांव के लोगों के द्वारा बाड,ी खोलवा कर श्मसान घाट तक ले जाया गया है फिर भी मूलराज सिह के द्वारा तुरन्त बाड़ी लगवा दी गई है जिससे समस्त ग्राम वासियों को श्मसान घाट एवं कृषि कार्य करने के लिये आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से ग्राम उमरी फिफरी तहसील मैहर में स्थित आ.क. 704 की जांच कर तुरन्त कार्यवाही कर उक्त शासकीय आराजी को अतिक्रमण मुक्त कराई जाए ग्रामवासियों को श्मशान भूमि आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

ज्ञापन देने वालों में श्रीनिवास यादव,जागेश्वर कुशवाहा,राजेश कुमार वमन,उदपराज भरावान ,राजेश बर्मन,दिनेश बर्मन,नरेश कुमार दाहिया,गोमती कुशवाहा, भूरे लाला कोल आदि ग्रामीणजन है।

# जल्द से जल्द कराएं मंदाकिनी नदी पर नए पुल का निर्माण

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 28 अगस्त। सदर विधायक चित्रकूट अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी से भेंटकर पत्र सौंपा। साथ ही केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली तथा अधिषासी अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग बांदा को पत्र प्रेषित कर जनपद चित्रकूट की मां मंदाकिनी नदी पर बने पुराने पुल की जर्जर स्थिति को जल्द से जल्द सही से मरम्मतीकरण कराने व नये पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने की मांग की।**



सदर विधायक ने अवगत कराया कि जनपद चित्रकूट में मां मंदाकिनीनदी पर बने पुराने पुल की जर्जर स्थिति बहुत ही गंभीर है। यह पुल ग्राम एवं शहरी निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन इसकी जर्जर स्थिति के कारण यात्रियों की सुरक्षा खतरे में है। प्रतिदिन हजारों वाहनों व भारी भरकम लोडेड ट्रकों का आवागमन होता है। साथ ही बांदा एवं चित्रकूट के मध्य का मुख्य मार्ग है। पुल की वर्तमान स्थिति के कारण, हमें डर है कि किसी भी समय बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। इसलिये यह विषय काफी चिंताजनक है कि इस पुल की मरम्मत या इसके बदले नये पुल के निर्माण के लिये तात्कालिक कार्यवाही की जाये। वित्तीय वर्ष 2024-25 में षासन द्वारा नये पुल के निर्माण के लिये बजट भी स्वीकृत कर दिया गया था और नवम्बर माह में इसका पैसा भी आ गया था लेकिन अभी तक इसका निर्माण कार्य नहीं चालू कराया गया है। इसके अलावा जब तक नये पुल का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक इसी पुल की सही से मरम्मत करवाया जाना अति आवष्यक है। साथ ही विधायक ने जर्जर पुल के तत्काल मरम्मतीकरण का कार्य करवाने एवं नये पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ करवाये जाने की कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया।